उपलब्धि

**देसी स्वाद, संस्कृति, सुकून और सादगी के साथ देशी-विदेशी पर्यटकों को सावरवानी दे रहा है हेल्दी एंड हैप्पी लाइफ**

# तीन साल में दस हजार से अधिक पर्यटकों ने उठाया सावरवानी के प्राकृतिक जीवन का आनंद



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 जनवरी, गांव की मिट्टी की सौंधी खुशबू, केवल देश के महानगरों से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी पर्यटकों को पर्यटन ग्राम सावरवानी खींच लाती है...सुबह-सबेरे मुर्गे की बांग, बकरियों की मिमियाहट, बैलगाड़ी की सवारी, लोक - नृत्य, मिट्टी के घर, गांव में हरे-भरे खेत, कच्चे रास्ते, गलियों में खेलते गाय-भैंस के बछड़े और सुकून भरा माहौल यहां की पहचान है।**

बीते 03 सालों में 12 देशों सहित भारत के 15 प्रदेशों के 10 हजार से अधिक पर्यटक छिंदवाड़ा जिले के तामिया विकासखंड के इस पर्यटन ग्राम सावरवानी में स्वाद, संस्कृति, सुकून और सादगी का आनंद लेने के साथ, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित यहां के होम स्टे में हेल्दी व हैप्पी लाइफ जी चुके हैं। ग्रामीण पर्यटन का नया चेहरा बनकर उभरे सावरवानी गांव में 14 जनवरी साल 2023 में जबसे तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ व वर्तमान छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने ग्राम के पहले होम स्टे का शुभारंभ फीता काटकर किया, तभी से पूरा ग्राम आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर खड़ा हुआ और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मॉडल गांव बनकर उभरे पर्यटन ग्राम सावरवानी में वर्तमान में 09 होम संचालित हो रहे हैं और दो होम स्टे निर्माणाधीन है। गांव की गलियों, खेतों की हरियाली और मिट्टी की सौंधी खुशबू के साथ एडवेंचर, देसी भोजन का स्वाद, संस्कृति और सुकून में पर्यटकों का मन, मानो रम ही गया है। यही करण है कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा होम स्टे बुकिंग छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्राम सावरवानी को मिल रही है। दिसंबर माह के अंतिम व जनवरी के शुरूआती दिनों में यहां पर सारे होम स्टे पर्यटकों से गुलजार रहे। यहां आने वाला हर मेहमान शहरी जीवन की भागदौड़ से दूर शांति और प्रकृति के बीच सुकून का अनुभव करता है। इस गांव को निखारने में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ छिंदवाड़ा जिला प्रशासन और विलेज-वे संस्था का भी विशेष योगदान है।

### रोजगार का बंपर तोहफा

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी होम स्टे योजना से सावरवानी को रोजगार का बंपर तोहफा मिला। यहां की स्थानीय महिलाओं ने पर्यटकों को अपने हाथों से बना हुआ शुद्ध देशी घी बेचा और 11 लाख से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं। घरों के बगीचे और खेतों में उगाई गई दाल व सब्जियों के साथ ज्वार-मक्के के आटे ने भी बिक्री का कीर्तिमान रचा है। गाइड, बैलगाड़ी चालक से लेकर करीब लोकनृत्य से जुड़े 100 से अधिक व्यक्ति, होम स्टे बन जाने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़ गए हैं। रोजगार से जुड़े सभी ग्रामीणों ने इन 03 सालों में स्वयं को आत्मनिर्भर बना लिया है।

### कई अवार्ड जीत चुका है गांव

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों के मार्गदर्शन में सावरवानी ग्राम कई अवार्ड जीत चुका है। सावरवानी की टीम को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा भोपाल में सम्मानित किया जा चुका है। दो बार गोल्डन कैटेगरी में पर्यटन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अवार्ड के साथ इसे पहले फाइव ग्रीन लीफ रेटिंग होम स्टे का खिताब मिला हुआ है। सावरवानी को देश भर के कई ग्रामों में बन रहे होम स्टे के लिए मॉडल बनाकर एक्सपोजर विजिट के लिए चुना गया है। जिला स्तर पर भी सावरवानी को कई बार सम्मानित किया जा चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण पर्यटन के इस नए चेहरे ने जिले को न केवल प्रदेश में बल्कि विदेशियों के बीच भी एक नई पहचान दिलाने में सफलता पाई है।

# हल्दीराम की सोनपापड़ी में निकलीं जिंदा इल्लियां



**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 13 जनवरी, हल्दीराम सोनपापड़ी के पैकेट में ज़िंदा इल्लियां रेंगते हुए पाए जाने का मामला सामने आया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला छिंदवाड़ा को लिखित शिकायत सौंपकर कंपनी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।**

परासिया निवासी रितेश चौरसिया ने बताया कि उन्होंने 02 जनवरी 2026 को परासिया स्थित हल्दीराम के डिस्ट्रीब्यूटर से सोनपापड़ी के दो पैकेट खरीदे थे। एक पैकेट खोलने पर उसमें इल्लियां देखकर इसकी शिकायत तुरंत कंपनी के कस्टमर केयर पर की गई। कंपनी द्वारा इस गंभीर लापरवाही पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और न ही कोई कार्यवाही की गई। फूड सेफ्टी ऑफिसर गोपेश मिश्रा एवं पंकज कुमार घागरे खाद्य विभाग छिंदवाड़ा को दूषित सामग्री का सील पैक डब्बा और खुला हुआ डब्बा साक्ष्य के रूप में सौंपा है। जिसकी जांच हेतु इसकी विधिवत जब्त किया। और आश्वासित किया कि भोपाल लैब से शीघ्र अति शीघ्र भोपाल लैब से इसकी जांच करवा करके संबंधित के विषय कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# गाडरवारा जलाशय का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू करने किसानों ने किया शक्ति प्रदर्शन

## ट्रैक्टर रैली निकालकर सैकड़ो किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 13 जनवरी, मंगलवार को प्रस्तावित गाडरवाड़ा जलाशय का निर्माण कार्य त्वरित प्रारंभ करने को लेकर लगभग 15 ग्रामों से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर नारेबाजी के साथ मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा अमरवाड़ा के पास गाडरवारा जलाशय का निर्माण कार्य को लेकर 2008 में स्वीकृति प्रदान की गई थी जबकि 2023 में उक्त जलाशय का निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा किसानों की भूमि अधिग्रहण करने संबंधी कार्यवाही भी पूर्ण कर ली गई वहीं भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि भी शासन द्वारा बैंक में डिपॉजिट कर दी गई किंतु आज दिनांक तक गाडरवारा में जलाशय का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इस जलाशय निर्माण में लगभग 90त्न किसानों की सहमति है। जिसमें 20 गांव से भी अधिक गांव के किसान शामिल है। किसानों का कहना है कि जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है,जिससे किसान अपनी फसलों को लेकर काफी परेशान है। पीने तक को पानी बमुश्किल मिल रहा है। ऐसे में फसलों का क्या होगा। इन सब को देखते हुए मंगलवार को किसानों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं को शासन-प्रशासन से अवगत कराया। वहीं किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द जलाशय का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया जाता है तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में गीतांजलि रघुवंशी ने जीता खिताब



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 जनवरी, ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप में छिंदवाड़ा की छात्रा गीतांजलि रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबला जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।**

यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश भर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मैच में आई.पी.एस. कॉलेज, छिंदवाड़ा की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा गीतांजलि रघुवंशी ने उज्जैन की शुभी को कड़े मुकाबले में पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की। पूरे टूर्नामेंट में गीतांजलि का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा और उन्होंने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। गीतांजलि की इस उपलब्धि पर आई.पी.एस. कॉलेज के प्राचार्य श्री जैमिनी खानवे ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कॉलेज के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। वहीं मानविकी विभागाध्यक्ष असीम शर्मा ने भी छात्रा की मेहनत और अनुशासन की सराहना की तथा भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

इसके साथ ही सहायक प्राध्यापक लीना पवार ने भी गीतांजलि को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में इस प्रकार की उपलब्धि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दर्शाती है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर परासिया में भव्य युवा सम्मेलन

## हजारों युवाओं ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 13 जनवरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला परासिया के तत्वावधान में संघ शताब्दी वर्ष (1925-2025) के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य युवा सम्मेलन आज उत्सव लॉन, परासिया में अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह सम्मेलन युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं चरित्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रभावशाली आयोजन सिद्ध हुआ।**

सम्मेलन में परासिया नगर सहित आसपास के ग्रामीण व नगरीय अंचलों से हज़ारों की संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन, समयबद्धता एवं संगठन के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, व्यापारी वर्ग एवं प्रबुद्धजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

मुख्य अतिथि अविचल कृष्ण जी अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक ने अपने प्रेरक उद्बोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाते हुए समाज एवं राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि यदि आज का युवा संस्कार, संयम एवं सेवा भाव को आत्मसात कर ले, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती। मुख्य वक्ता हेमंत भुस्किबोध जी ने संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत सौ वर्षों से समाज को जोड़ने, संस्कारित करने एवं राष्ट्र निर्माण की निरंतर साधना कर रहा है। उन्होंने युवाओं से संगठित होकर सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक लखन जी, जिला प्रचारक अजय शुक्ला जी, नगर संघ चालक अलकेश जैन जी एवं जिला कार्यवाह किशोर जी की विशेष उपस्थिति रही। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। समापन अवसर पर उपस्थित युवाओं ने राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्व निर्वहन एवं नैतिक मूल्यों के पालन का संकल्प लिया। भारत माता की जय एवं वंदेमातरम् के गगनभेदी उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# स्वेदशी वस्तुओं को अपनाने पर दिया जोर



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 जनवरी, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालयके शैक्षिणिक विभाग (यू.टी.डी.) में बीते दिन स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम कुलगुरू प्रो.इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। कुलगुरू ने उपस्थित छात्रों को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अधिक से अधिक कर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. युवराज पटिल द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अभार प्रर्दशन यू.टी.डी. प्रभारी डॉ. जे.के. वाहने द्वारा किया गया। इस अवसर पर शैक्षिणिक विभाग (यू.टी.डी.) के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## किसानों ने बिजली पानी समस्या को लेकर लगाई गुहार

**छिंदवाड़ा।** जुन्नारदेव के ग्राम टेकाढाना ग्राम करंजी से आए किसानों ने बिजली एवं पानी की समस्या को लेकर कलेक्टर को आवेदन दिया है। किसानों ने बताया कि बिजली और पानी की समस्या को लेकर विगत एक माह से ग्रामीण परेशान चल रहे हैं। वही किसानों की फसलें भी सूख रही है। उन्होंने बताया कि खाद बीज के लिए लोन लिया है। अगर फसल नहीं हुई तो लोन पटना मुश्किल हो जाएगा। जिसको लेकर ब्लॉक जुन्नारदेव में भी अधिकारियों को आवेदन दे चुके हैं। समस्या का निराकरण नहीं होने पर लगभग 100 किलोमीटर की दूरी से आए किसानों ने कलेक्टर मु यालय पहुंचकर जनसुनवाई में आवेदन दिया है।

# तारा कालोनी में मोबाइल टॉवर से हो रहा प्रदूषण

## शोरगुल से परेशान वार्डवासी, जनसुनवाई में वार्डवासियों ने लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 जनवरी, शहर के वार्ड नंबर 35 छत्रपति शिवाजी वार्ड के रहवासी एयरटेल के मोबाइल टॉवर से हो रहे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। हालात यह है कि टॉवर के डीजल जनरेटर और कूलिंग फैन से हो रहे शोरगुल से आसपास के रहने वाले सैकड़ों लोग रात-दिन परेशान हो रहे हैं।**

दिन जैसे तैसे कट जाता है, लेकिन रात में इसकी आवाज दोगुनी बढ़ जाती है। इससे यहां के लोग चैन की नींद नहीं सो पाते। इस ध्वनि से वार्डवासी मानसिक प्रताड़ित हो चुके है। वार्डवासियों ने बताया कि बच्चों की परीक्षाएं सिर पर है। रात के समय बच्चों को जनरेटर और कूलिंग फैन की तेज आवास से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में बच्चों के परीक्षा परिणाम पर असर पड़ेगा। इस तरह यहां के परिवारों और बच्चों की दिनचर्या पूरी तरह गड़बड़ा गई है। इसलिए वार्ड की महिलाओं ने इस बात को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मोबाइल टॉवर निकलवाने की गुहार लगाई है। इस दौरान वरूण विश्वकर्मा, शिवकुमार, रामभरोस, सरमन मालवी, रीता, जनमुमारी, सुरेश कुमार कहार, मनीष यादव, आयष, सीमा चौहान और मुकेश सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### शुद्ध पेयजल को लेकर गुहार

वार्ड नंबर 9 के रहने वाले प्रकााश् साहू ने बताया कि उनके वार्ड में साल भर से नलों से गंदा पेयजल सप्लाई हो रहा है। इस बात को लेकर उन्होंने नगर निगम, जनसुनवाई से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत कर दी है। शिकायत एक बार नहीं बल्कि दर्जन बार हो चुकी है। इसके बाद भी उन्हें निगम ने शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं कराया है। जबकि हर महीने निगम को 265 रूपए टैक्स दिया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर को आवेदन देकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम आयोजन




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 जनवरी, एनई इंजीनियरिंग कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जी की जयंति पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी जी के विचारों से युवाओं को प्रेरणा राष्ट्रभाव आत्मविश्वास एवं सास्कृतिक चेतना का विकास करना। इस अवसर पर कालेज के छात्र-छात्राओं ने गरिमामय वातावरण में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें योगाभ्यास, प्रेरणादायक वक्तव्य, मैराथन दौड़ आदि आयोजन हुए। इस मौके पर संस्था की चेयरपरसन श्रीमति नाजिका अलि ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामीजी के विचार आज के युवाओं मार्गदर्शन है। इनके बताए रास्ते पर चलकर युवा राष्ट्र निर्माण में महत्सवपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

# आदिवासी बालक छात्रावास का विधायक सुजीत चौधरी ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 13 जनवरी, आदिवासी विकास खंड अंतर्गत सोशल मीडिया पर फैल रही कथित झूठी अफवाहों को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय विधायक सुजीत चौधरी ने धनेगांव स्थित सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में अध्ययनरत आदिवासी छात्रों से विधायक ने सीधी व बेबाक बातचीत की।**

निरीक्षण में छात्रावास की साफ-सफाई एवं भोजन व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक के कार्यों की सराहना की। विधायक ने छात्रों से शैक्षणिक सत्र एवं पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली और बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान छात्रों ने पेयजल की समस्या से विधायक को अवगत कराया। छात्रावास अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है तथा कुएं में पानी की कमी बनी हुई है। इस पर विधायक सुजीत चौधरी ने बोरवेल स्वीकृति हेतु शासन को मांग पत्र भेजने की बात कही। विधायक ने पूर्व में की गई शिकायतों को निराधार बताया तथा अनुविभागीय अधिकारी को पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रों ने विधायक को अपने बीच पाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

# 100 वॉट का ट्रांसफार्मर लगवाने कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

## अधिक लोड होने के कारण जल गया ट्रांसफार्मर, ज्ञापन सौंपकर लगाई गुहार



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 13 जनवरी, ग्राम करंजी, ग्राम पंचायत टेकाढाना में 24 घंटे वाला ट्रांसफर जल चुका है। इससे पेयजल और सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। इस संकट के कारण तीनों गांवों के किसानों की फसल सूख रही है। किसानों ने बताया कि वर्तमान में 25 वाट का का ट्रांसफार्मर है।**

इस ट्रांसफार्मर से 36 मोटर चालू रहती है। इसमें इतनी मोटरों का लोड सहने की क्षमता नहीं है। वही 15 दिसंबर को 10 घंटे वाला ट्रांसफर भी जल चुका है। 07 जनवरी को यह ट्रांसफर लगया जा चुका है, लेकिन उसे चालू नहीं किया गया है। क्योंकि उस पर लोड ज्यादा पड़ेगा। जिसकी वजह से चालू नहीं किया गया है। क्योंकि इसका लोड सहने की क्षमता बहुत कम है। किसानों ने कलेक्टर से 100 वॉट का नया ट्रांसफर लगाने गुहार लगाई है। जिससे तीनों गांवों की 36 मोटरों के अलावा और भी मोटरों को चलाया जा सके। ऐसे में यदि 100 वॉट का ट्रांसफर लग जाए, तो तीनों गांवों की मोटरें चलने लगेंगी। तीनों गांवों के गरीब किसान अपनी फसलों की अच्छी पैदावार ले सकेंगे। यदि समय रहते हुए ट्रांसफार्मन नहीं लगाया गया तो, किसान कर्ज में डूब जायेंगे एवं उनके सामने परिवार पालने का संकट पैदा हो जायेगा। फसलों के लिये गरीब किसानों ने खाद बीज के लिये कर्जा उठाया है जिससे बैंकों का उठाया कर्जा चुकाना भी मुश्किल हो जायेगा। जिसकी जि मेदारी बिजली विभाग एवं शासन प्रशासन की रहेगी।

### किसानों की मांगे

01-किसानों को रात की बजाए दिन के समय में बिजली दी जाए, क्योकि रात में जागने से किसानों की तबीयत खराब हो रही है। रात के अंधेरे में सांप, बिच्छू एवं जानवरों का डर बना रहता है।

02-इस बिजली फिडर में 4 पंचायतों के गांव ग्राम पंचायत टेकाढाना, ग्राम पंचायत बानाबेहरा, ग्राम पंचायत याकुड़ी, रामपुर आधा ग्राम पंचायत, ग्राम भाटा सहित अन्य गांव आते है। जिससे इन पंचायतों के सभी गरीब किसान परेशान रहते है।